प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 15.06.2026 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- अमरीका और ईरान के बीच एक सौ सात दिन से जारी युद्ध समाप्त करने पर समझौता हुआ।
- देशभर में ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए 700 शी–मार्ट और 1 हजार जिला आपूर्ति केंद्र खोले जायेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर को मॉडल सिटी के रूप में विकसित करने के लिये अधिकारियों को मिशन मोड पर कार्य करने को कहा।
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कई इलाकों में आंधी और बारिश के कारण लोगों को गर्मी से राहत–चौमूं में सर्वाधिक 44 मिलीमीटर वर्षा हुई।

0000

अमरीका और ईरान के बीच एक सौ सात दिन से जारी युद्ध समाप्त करने पर समझौता हो गया है। इसके साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य खुल जाएगा और ईरानी बंदरगाहों से अमरीकी नाकेबंदी समाप्त हो जाएगी। अमरीका के राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रंप ने कल रात ट्रूथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर समझौता हो जाने की घोषणा की। शांति समझौते पर 19 जून को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर होगें। श्री ट्रंप ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य समझौते पर हस्ताक्षर के बाद शुक्रवार से खुल जाएगा। होर्मुज से विश्व की कुल तेल आपूर्ति के पांचवें हिस्से का परिवहन होता है। श्री ट्रंप ने कहा इस ऐतिहासिक समझौते से पूरे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बहाल होगी। समझौते के अनुसार अमरीका और ईरान को ईरान के परमाणु संवर्द्धन और संवर्द्धित यूरेनियम के 60 दिन के अंदर निस्तारण पर बातचीत करनी है। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कहा युद्ध और लेबनान सहित सभी मोर्चों पर सैन्य कार्रवाई आज से स्थायी रूप से बंद हो जाएगी।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने फ्रांस के नीस में शिष्टमंडल स्तर की वार्ता की। दोनों पक्षों के बीच रक्षा, प्रौद्योगिकी और व्यापार के क्षेत्र में विशेष वैश्विक सामरिक भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा हुई। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति ने नीस में भारत इनोवेट्स कार्यक्रम का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। तीन दिन के इस आयोजन में, भारतीय डीप–टेक स्टार्टअप, इनोवेटर, अनुसंधानकर्ता और वैश्विक निवेशक शामिल होंगे। भारत और फ्रांस के संबंधों की मजबूती का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि व्यापार और रणनीतिक सहयोग कई देशों के बीच होता है, लेकिन कुछ ही संबंध साझा दृष्टिकोण और समान हितों से संचालित होते हैं।

.....

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के किसानों को आश्वस्त किया है कि आगामी खरीफ सीजन के लिए राज्य में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक मौजूद हैं। जयपुर में कल कृषि और सहकारिता विभाग की एक समीक्षा बैठक के दौरान श्री शर्मा ने कहा कि अच्छी पैदावार के लिए किसान मिट्टी की जांच के आधार पर और कृषि वैज्ञानिकों की सलाह से ही उर्वरकों का उपयोग करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए ऑनलाइन रिकॉर्ड रखने के भी निर्देश दिए ताकि किसानों की वास्तविक जरूरत का सटीक पता चल सके। बैठक के दौरान उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी राज्य में खाद की निर्बाध आपूर्ति का पूरा भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को खाद की कालाबाजारी और अवैध भंडारण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा। इसके साथ ही, कृषि पर्यवेक्षकों को गांव–गांव जाकर किसानों को प्राकृतिक और जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करने के भी निर्देश दिए।

0000

ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने और 6 करोड़ लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देशभर में 700 **शी–मार्ट** और 1 हजार **जिला आपूर्ति केंद्र** बनाये जाएंगे। ग्रामीण विकास सचिव रोहित कंसल की अध्यक्षता में हुई **दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन** की समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी गई। इन **शी–मार्ट** को अच्छी व्यापारिक संभावनाओं वाले स्थानों पर खोला जाएगा, ताकि महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों (भ्ळ) द्वारा बनाए गए उत्पादों को आसानी से बाजार मिल सके। बैठक में महिला उद्यमों को बढ़ावा देने, क्षमता निर्माण और वित्तीय समावेशन पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीण विकास सचिव ने योजनाओं को तय समय पर पूरा करने के लिए एक वार्षिक कैलेंडर तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और संस्थाओं को प्रोत्साहित करने के लिए **लखपति दीदी**, सर्वश्रेष्ठ महिला उद्यमी और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य जैसी श्रेणियों में पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि जयपुर के सुव्यवस्थित विकास, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इसे देश के मॉडल शहर के रूप में विकसित किया जाए। इसके लिए मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को समन्वित कार्ययोजना के साथ मिशन मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कल जयपुर के विकास, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण को लेकर विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजधानी में कचरा संग्रहण, परिवहन और इसके वैज्ञानिक निस्तारण के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने खुले में कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। साथ ही मानसून सीजन को देखते हुए जयपुर में जलभराव रोकने और नालों की सफाई के लिए समयबद्ध तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

00000

प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम का मिजाज बदल गया है। आंधी और बारिश का दौर जारी रहने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। रविवार को जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, कोटा और टोंक सहित कई शहरों में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई। दौसा और चित्तौड़गढ़ में तेज अंधड़ से पेड़ गिरने के समाचार हैं।

.....

हनमानगढ में आज सुबह तेज मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हुआ। इसके साथ ही जिले में कहीं–कहीं ओलावृष्टि भी हुई है, जिससे तापमान में गिरावट आने से लोगों को राहत मिली है। जिले में हुई बारिश से किसान नरमा कपास और धान की फसल को लेकर उत्साहित नजर आ रहे है।

00000

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में **12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के** थीम पर विशेष प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल पाली जिले में आयोजित प्रदर्शनी के दौरान स्थानीय सांसद पी.पी. चौधरी ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि इन नीतियों का सीधा लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचे। श्री चौधरी ने कहा कि सरकार ने कम प्रीमियम वाली छोटी बीमा योजनाएं शुरू कर आमजन को बडी राहत दी है।

......

0000